पत्रांक-जी0एस0टी0/ 2023-24/ 326 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उ0प्र0।
(जी0एस0टी0 अनुभाग)
लखनऊ : दिनांक- 01 अगस्त, 2023

समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-1,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

दिनांक-28-07-2023 को मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 महोदय द्वारा राज्य कर विभाग, उ0प्र0 की समीक्षा की गयी। उक्त समीक्षा के दौरान मा0 मुख्यमंत्री द्वारा निम्न प्रमुख निर्देश दिये गये-

1. विशेष रुप से कैम्प का आयोजन कर व्यापारियों को रिटर्न भरे जाने संबंधी प्रशिक्षण दिया जाये तथा रिटर्न न भरने वाले व्यापारियों को रिटर्न दाखिले हेतु Motivate किया जाये। इसके साथ ही व्यापारियों को शून्य खरीद-बिक्री की दशा में SMS द्वारा रिटर्न दाखिले की सुविधा के विषय में अवगत कराया जाये।
2. व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना में सहायता प्राप्त परिवारों को वितरण व्यापार मंडल के सहयोग से सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करते हुए किये जायें।
3. राजस्व संग्रह वृद्धि हेतु राजस्व के नये क्षेत्रों की पहचान करते हुए निरन्तर नवाचारों (Innovations) को क्रियान्वित किया जाये।
4. वर्तमान वित्तीय वर्ष में संग्रह लक्ष्य की प्राप्ति हेतु हरसंभव प्रयास किये जायें।
5. फील्ड स्तर पर संयुक्त आयुक्त एवं अपर आयुक्त ग्रेड-1 द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों के नियत कार्यों की नियमित समीक्षा की जाये।

फील्ड स्तर पर उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये तथा इस संबंध में कृत कार्यों की प्रगति से मुख्यालय को भी अवगत कराया जाये।

1/8/23
(मिनिस्ती एस0)
आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश।